भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या2384-
उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

भारत में साक्षरता दर

†2384. **डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद**:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में पूर्ण साक्षर घोषित जिलों की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र वार और जिलेवार संख्या कितनी है;
(ख) देश में आज की तिथि के अनुसार साक्षर व्यक्तियों के प्रतिशत का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और तमिलनाडु में जिलेवार ब्यौरा क्या है;
(ग) सरकार द्वारा देश में निरक्षरता की समस्या के समाधान के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और
(घ) वैश्विक स्तर पर देश के साक्षरता प्रतिशत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी(

(क) से (घ) : भारत सरकार वर्ष 2022-2027 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के साथ अनुकूलित "नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईएलपी)" नामक केंद्र प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रही है, जिसे उल्लास (समाज में सभी के लिए आजीवन अधिगम की समझ) - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के रूप में जाना जाता है ताकि देश भर में निरक्षरों के बीच साक्षरता को बढ़ावा देने में तमिलनाडु सहित सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सहायता की जा सके। इस योजना के तहत 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के निरक्षरों को लक्षित किया जाता है जिन्हें औपचारिक स्कूली शिक्षा प्राप्त नहीं हुई हैं और उन्हें साक्षर बनाने के लिए शैक्षिक अवसर प्रदान करती है।

उल्लास के संदर्भ में - नव भारत साक्षरता कार्यक्रम साक्षरता को पढ़ने, लिखने और समझ के साथ गणना करने की क्षमता, अर्थात डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता आदि जैसे

महत्वपूर्ण जीवन कौशल के साथ-साथ पहचानने, समझने, व्याख्या करने और बनाने की क्षमता के रूप में परिभाषित किया गया है।

किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को पूर्ण रूप से साक्षर घोषित करने का मानदंड 95% या उससे अधिक की साक्षरता दर प्राप्त करना है। अब तक, पांच राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों लद्दाख (2024), मिजोरम (2025), गोवा (2025), त्रिपुरा (2025), और हिमाचल प्रदेश (2025) ने उल्लास के तहत पूर्ण साक्षरता हासिल की है।

पीएलएफएस रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार देश में साक्षर लोगों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार प्रतिशत का ब्यौरा अनुलग्नक में है।

*****

अनुलग्नक

"भारत में साक्षरता दर" के संबंध में माननीय संसद सदस्य डॉ. एम. के. विष्णु प्रसाद द्वारा पूछे गए दिनांक 15.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2384 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार 7 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार साक्षरता दर (प्रतिशत में)।

क्र.सं.	राज्य /संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष 2023-24 के लिए साक्षरता दर	आज की स्थिति के अनुसार साक्षरता दर
1.	आंध्र प्रदेश	72.60	-
2.	अरुणाचल प्रदेश	84.20	-
3.	असम	87.00	-
4.	बिहार	74.30	-
5.	छत्तीसगढ	78.50	-
6.	दिल्ली	86.90	-
7.	गोवा	93.60	99.72%
8.	गुजरात	84.60	-
9.	हरियाणा	84.80	-
10.	हिमाचल प्रदेश	88.80	99.30%
11.	झारखंड	76.70	-
12.	कर्नाटक	82.70	-
13.	केरल	95.30	-
14.	मध्य प्रदेश	75.20	-
15.	महाराष्ट्र	87.30	-
16.	मणिपुर	92.00	-
17.	मेघालय	94.20	-
18.	मिजोरम	98.20	98.20%
19.	नागालैंड	95.70	-
20.	ओडिशा	79.00	-
21.	पंजाब	83.40	-
22.	राजस्थान	75.80	-
23.	सिक्किम	84.70	-

24.	**तमिलनाडु**	**85.50**	-
25.	तेलंगाना	76.90	-
26.	त्रिपुरा	93.70	95.60%
27.	उत्तराखंड	83.80	-
28.	उत्तर प्रदेश	78.20	-
29.	पश्चिम बंगाल	82.60	-
30.	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	91.10	-
31.	चंडीगढ़	93.70	-
32.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	87.80	-
33.	जम्मू एवं कश्मीर	82.00	-
34.	लद्दाख	81.00	97.00%
35.	लक्षद्वीप	97.30	-
36.	पुदुचेरी	92.70	-
	अखिल भारतीय	**80.90**	-

*****